सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल ने चैम्पियनशिप पर किया कब्जा

टूर्नामेंट चैंपियन बनी सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की टीम। फोटो : एसएनबी

कानपुर (एसएनबी)। दि स्पोर्ट्स हब द्वारा आयोजित जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेन्ट में सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल ने चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया। स्कूल ने एक नहीं, बल्कि चार वर्गों में टीम चैम्पियनशिप जीती।

कानपुर स्मार्ट सिटी एवं दि स्पोर्ट्स हब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सर पद्मत सिंहानिया स्कूल के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। ओलम्पियाड हॉल में हुई प्रतियोगिता में सर पद्मत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ने जूनियर वर्ग में बालक व बालिका वर्ग और सीनियर वर्ग में भी बालक व बालिका वर्ग की टीम चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया। सीनियर बालकों के वर्ग में सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल ने पहला, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल ने दूसरा व जय नारायण विद्या मंदिर और पूर्ण विद्या निकेतन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। बालिकाओं के सीनियर वर्ग में भी सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। डीपीएस आजाद नगर दूसरे व जय नारायण विद्या मंदिर व केके गर्ल्स स्कूल किदवई नगर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर बालकों के वर्ग में सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल ने पहला, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल की टीम ने दूसरा व सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल पहले, सेठ आनन्द राम जयपुरिया स्कूल दूसरे व जय नारायण विद्या मंदिर की टीम तीसरे स्थान पर रही।

अंडर-15 बालक वर्ग में आर्यन अरोड़ा विजेता व दक्ष खंडेलवाल उपविजेता रहे। जबकि अविनाश मल्होत्रा व आयुष गुप्ता संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। इसी आयु वर्ग में बालिकाओं के मुकाबले में अभाना लायल विजेता व सुविज्ञा उपविजेता रहीं। जबकि केनिशा जायसवाल व मुस्कान ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 बालकों के वर्ग में अदवित गुप्ता विजेता व आर्यन अरोड़ा उपविजेता रहे। आशुतोष गुप्ता व दक्ष खंडेलवाल को तीसरा स्थान हासिल हुआ। अंडर-17 बालिका वर्ग में सृष्टि मिश्रा विजेता व सुविज्ञा कुशवाहा उपविजेता रहीं। अमिशा गुप्ता व अभाना लॉयल को तीसरा स्थान मिला। अंडर-19 बालक वर्ग में अदवित गुप्ता विजेता व दक्ष खंडेलवाल उपविजेता रहे। जबकि अविनाश मल्होत्रा व आर्यन अरोड़ा तीसरे स्थान पर रहे। वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग में सृष्टि मिश्रा विजेता व तान्या राणा उप विजेता बनीं। जबकि तीसरे स्थान पर अमिशा गुप्ता व अभाना लायल रहीं। पुरुष वर्ग का खिताब सत्यम गिरी ने जीता। अदवित गुप्ता उप विजेता रहे। महिला वर्ग में सुष्टि मिश्रा चैम्पिनय बनीं। तान्या राणा उपविजेता रहीं। पुरुषों के 40 वर्ष से अधिक आयु के वेटरन वर्ग में दिलीप सेन विजेता व आशीष कपूर उपविजेता रहे। जबकि 50 वर्ष से अधिक वेटरन वर्ग में आशीष कपूर विजेता व अनुराग जायसवाल उपविजेता रहे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाख जी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीआईएसएफ के सीनियर कमाण्डेन्ट रोहित कटियार व डिप्टी कमान्डेन्ट प्रशांत द्विवेदी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में दिव्यांग खिलाड़ी अभिषेक सिंह, अमरेश सिंह व शिवम पाल को सम्मानित भी किया गया।